# कैन की वंशावली

| क्रमांक | नाम | विवरण |
|---|---|---|
| १ | कैन | आदम-हव्वा की प्रथम सन्तान जो नोद नामक स्थान में रहता था। नोद का अर्थ भ्रमण या निर्वासन है, ये अदन के पूर्व में है। कैन की पत्नि का नाम अज्ञात है। संभवतः ये आदम की बेटी रही हो। कैन ने अपने प्रथम पुत्र हनोक के नाम पर हनोक नामक नगर बसाया। नगर से तात्पर्य स्थायी निवास से हो सकता है क्योंकि तब वहाँ आबादी की संभावना नहीं है। |
| २ | हनोक | हनोक का अर्थ पवित्रीकरण या दीक्षा होता है। संभवतः कैन ने परमेश्वर के पास आने का प्रयत्न किया हो किन्तु निश्चित नहीं है। |
| ३ | ईराद | |
| ४ | महूयाएल | |
| ५ | मतूशाएल | |
| ६ | लेमेक | इसकी दो पत्नियाँ थीं - आदा और सिल्ला (बहुविवाह का आरंभ) |

## लेमेक की पत्नियाँ एवं उनकी सन्तानें

| आदा | | सिल्ला | |
|---|---|---|---|
| याबाल<br>तम्बुओं में रहने और पशुपालन की रीतियों का प्रवर्त्तक | यूबाल<br>वीणा और बाँसुरी आदि बाजों के बजाने की रीति का प्रवर्त्तक | तूबल-कैन<br>पीतल और लोहे के धारवाले हथियारों का गढ़ने वाला | नामा<br>(पुत्री) |

नोट :- लेमेक ने दो विवाह किये। उसकी पत्नियों के नाम आदा और सिल्ला थे। यहीं से बहुविवाह प्रथा का आरंभ होता है। लेमेक ने एक हत्या भी की। किसकी की? यह अज्ञात है। चूँकि जवान पुरूष का उल्लेख आया है अतः संभवतः मरने वाला उसका ही बेटा या पोता हो सकता है। हत्या करने के बाद अपनी पत्नियों के सामने वह हत्या का कारण बताकर गर्व कर रहा है कि ‘‘जब कैन का बदला सात गुणा लिया जायेगा तो लेमेक का सत्तर गुणा लिया जायेगा।’’ इस प्रकार हम लेमेक में तीन दोषों को पाते हैं - (१) बहुविवाह (२) हत्या (३) घमंड। लेमेक के बाद कैन की वंशावली प्राप्त नहीं होती।

सन्दर्भ : उत्पत्ति ४:१६-२४, पवित्र बाइबल, बाइबल सोसाइटी ऑफ इंडिया, बेंगलोर, २०००, पृ. ६

प्रॉफसर नवीन गिडियन